वि . वि .मं

रा. म. साळगांवकर उच्च माध्यमिक विद्यालय

मडगांव गोवा

प्रथम त्रैमासिक परीक्षा

कक्षा : ११ वी | विषय : हिन्दी | समय : १ घंटा

दिनांक: ८ |८ |२०२३ | | अंक: २०

सामान्य निर्देश -

१. कुल प्रश्न १६ है

२. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

३. दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लगभग १५ से २० शब्दों में लिखिए।

प्राचीनकाल से ही मनुष्य वृक्षों की उपयोगिता के कारण वृक्षों को देवता का रूप देकर उनकी पूजा करता चला आ रहा है।प्राचीन समय में वन बहुत भयंकर होते थे। किसी अपराध के कारण यदि किसी व्यक्ति को देश से निकाल दिया जाता था, तो उसे वन मे जाकर रहना पडता था। वनों को एक पवित्र एवं शान्तिमय स्थल भी समझा जाता था, जहाँ ऋषि, मुनि, महात्मा आदि इस संसार के कोलाहल से दूर वातावरण मे भगवद् भजन किया करते थे।

उन्नीस सौ पचास का यह महान वर्ष जब देश का नया संविधान बना तब वृक्षों की उपयोगिता स्पष्ट करन के लिए वनमहोत्सव का अखण्ड कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। स्थान के साथ साथ वृक्षों की आकृति भी परिवर्तित होती रहती है। जैसे की शीत प्रदेश में पाये जानेवाले वृक्षों की पत्तियाँ नुकिल होती है,तथा वे वृक्ष कोणदार वृक्ष कहलाते है। मैदानी भागों में वृक्ष पृथ्वी से अधिक गहराई तक धँसे रहत है। वृक्षों की गहरी जडे पृथ्वी में मिट्टी को मजबूती से जकडे रहती हैं, इसी कारण वृक्षों की सहायता से बाढ का प्रकोप नियंत्रण किया जाता है।

१. बाढ केप्रकोप पर नियंत्रण करने केलिए वृक्ष हमारी किस प्रकार मदद करते हैं ? (१)

२. प्राचीन काल में अपराधियों को किस प्रकार दण्ड दिया जाता था ? (१)

३. १९५० में भारत में वनमहोत्सव का कार्यक्रम क्यों आयोजित किया गया ? (१)

निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

लालबिहारी सिंह दरवाजे की चौखट पर चुपचाप खडा बडे भाई की बातें सुन रहा था। वह उनका बहुत आदर करता था। उसे कभी इतना साहस न हुआ था कि श्रीकंठ के सामने चारपाई पर बैठ जाए, हुक्का पी ले या पान खा ले। बाप का भी वह इतना मान न करता था। श्रीकंठ का भी उस पर हार्दिक स्नेह था। अपने होश मे उन्होंने कभी उसे घुडका तक न था। जब वह इलाहाबाद से आते, तो उसके लिए कोई न कोई वस्तु अवश्य लाते। मुगदर की जोडी उन्होंने ही बनवा दी थी। पिछले साल जब उसने अपने से ड्योढे जवान को नागपंचमी के दिन दंगल में पछाड दिया, तो उन्होंने पुलकित होकर अखाडे में ही जाकर उसे गले से लगा लिया था, पाँच रुपये के पैसे लुटाए थे। ऐसे भाई के मुँह से आज ऐसी ह्रदय विदारक बाते सुनकर लालबिहारी को बडी ग्लानि हुई। वह फूट फूट कर रोने लगा।

४. लालबिहारी सिंह श्रीकंठ का बहुत आदर करता था यह कैसे पता चलता है ? (१)

५. गद्यांश मे आए मुहावरे को ढूँढकर लिखिए। (१)

६. लालबिहारी सिंह को अपने आप से ग्लानि क्यों हुई ? (१)

निम्नलिखित पठित पद्यांश के आधार पर अंत में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लगभग १५ से २० शब्दों में लिखिए।

मैया मोरी ! मैं नहिं माखन खायो।
भोर भये गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायो॥
चार पहर बंसीबट भटक्यो, साझ परे घर आयो।
मैं बालक बहियन को छोटो, छीको किस विध पायो॥
ग्वाल बाल सब बैर पडे हैं, बरबस मुख लपटायो।
तू जननी मति की अति भोरी, इनके कहे पतियायो॥

७. कृष्ण ग्वालों को अपना बैरी क्यों कहता है ? (१)

८. माँ ने कृष्ण को प्रातःकाल में कहाँ और क्यों भेजा था ? (१)

९. 'तू जननी मति की अति भोरी, इनके कहे पतियायो' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (१)

अथवा

आशा आलोकित करती
मेरे जीवन को प्रतिक्षण
है स्वर्ण सूत्र से वलयित
मेरी असफलता के धन

सुख भरे सुनहले बादल
रहते हैं मुझको घेरे,
विश्वास, प्रेम, साहस हैं
जीवन के साथी मेरे।

७. कवयित्री के जीवन के साथी कौन है ? (१)

८. कवयित्री अपनी असफलता को धन क्यो कहती है ? (१)

९. 'आशा आलोकित करती, मेरे जीवन को प्रतिक्षण' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (१)

१०. **निम्नलिखित काव्यांश का भाव सौंदर्य स्पष्ट करते हुए कविता की दो विशेषताएँ लिखिए।** (२)

काल की रुके न चाहे चाल,
मिलन से बडा बिरह का काल,
वहाँ लय, यह प्रलय सुविशाल!
दृष्टि में दर्शनार्थ धोती।

निम्नलिखित प्रश्नों मे से किसी एक का उत्तर लगभग ४० से ४५ शब्दों मे लिखिए। (२)

११ . लेखक ने पच्चीस नवंबर के कार्यक्रम का वर्णन कैसे किया है ?

अथवा

बैग की सच्चाई पता चलने पर मीरा की अवस्था कैसी हुई ?

निम्नलिखित माध्यम / लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लगभग १० से १२ शब्दों में लिखिए।

१२ . विल्बर श्रैम ने संचार की क्या परिभाषा बताई है ? (१)

१३ . अंतःवैयक्तिकसंचार किसे कहते है ? (१)

१४ . संचार के तत्व कौन कौन से है ? (१)

१५ . जनसंचार से क्या अभिप्राय है ? (१)

अथवा

जनसंचार के विभिन्न माध्यमों पर प्रकाश डालिए। (४)

१६ . 'तंदुरुस्ती का महत्व' इस विषय पर वंश और वेदांत इन दो छात्रों के बीच संवाद १० से १५ वाक्यो मे लिखिए। (३)

....